कार्यालय
क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना (म० प्र०)
Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr@rediffmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

प्रेस नोट

पन्ना टाईगर रिजर्व व विश्व प्रकृति निधि के संयुक्त तत्वावधान में पन्ना नेचर कैम्प 2010 का पांचवां कार्यक्रम दिनांक 05.12.2010 को आयोजित हुआ। इस कैम्प में कुल 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कैम्प में विशिष्ट प्रतिभागी के रूप में श्री शिवेन्द्र कुमार वर्मा कक्षा 9 व श्री मनीष कुमार रावत, सहायक शिक्षक पद्मावती विद्या मंदिर उ.मा.वि. पन्ना संयुक्त रूप से विजेता घोषित हुए। प्रारम्भ म इस नेचर कैम्प में क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व साथ रहे। इस कैम्प की खास बात यह है कि इस कैम्प को स्थानीय रिसोर्स परसन श्री देवी दत्त चुतुर्वेदी सेवा निवृत्त शिक्षक, श्री अम्बिका प्रसाद खरे, श्री इन्द्रभान सिंह एवं श्री आशीष नामदेव के द्वारा आयोजित किया गया।

''पन्ना नेचर कैम्प 2011'' की घोषणा

छात्रों की उत्सुकता को देखते हुए पार्क प्रबन्धन द्वारा **''पन्ना नेचर कैम्प 2011''** 2, 9, 16, 23 एवं 30 जनवरी 2011 तथा 6 एवं 13 फरवरी 2011 को नेचर कैम्प संचालित करने का निर्णय लिया गया है। नेचर कैम्प में भाग लेने वाले छात्र/छात्राआ एवं अन्य से अनुरोध है कि जो लोग नेचर कैम्प में भाग लेना चाहते हों तो वे पहले आओ पहले पाओ के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रस्तुत कर अपना पंजीयन कार्यालयीन समय में पन्ना टाईगर रिजर्व कार्यालय से कराने का कष्ट करें।

क्षेत्र संचालक,
पन्ना टाईगर रिजर्व,पन्ना

C:\PTR\Update WEBSITE\final_web_ptr\Press Note\Press Note 19.3.2010.doc